1	2	3	4	5
3.	Banaskantha	38	79	117
4.	Bharuch	9	35	44
5.	Bhavnagar	11	8	19
6.	Dangs	36	5	41
7.	Gandhinagar	0	1	41
8.	Jamnagar	3	0	3
9.	Junagarh	0	12	12
10.	Kachh	22	59	81
11.	Kheda	5	232	237
12.	Mehsana	12	27	39
13.	Panchmahels	17	11	28
14.	Rajkot	2	4	6
15.	Sabarkantha	12	82	94
16.	Surat	5	100	105
17.	Surendranagar	4	8	12
18.	Valsad	14	368	382
19.	Baroda	36	43	79
	TOTAL :	230	1088	1318

गुजरात में स्वयंसेवी संगठनों द्वारा क्रियान्वित की गयी योजनाएं

8278. **श्री चिमनभाई हरिभाई शुक्ल :**
श्री अनन्तराय देवशंकर दवे :

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गुजरात में स्वयंसेवी संगठनों के सहयोग से कार्यान्वित की जा रही ग्रामीण विकास योजनाओं का जिलावार ब्यौरा क्या है ;

(ख) इस प्रयोजनार्थ वर्ष 1993-94 और 1994-95 के दौरान बजट में कितना प्रावधान किया गया और प्रत्येक स्वयंसेवी संगठन को कितनी-कितनी धन राशि प्रदान की गई;

(ग) किन-किन जिलों में इन योजनाओं को कार्यान्वित किया गया है ; और

(घ) चालू वित्तीय वर्ष के दौरान क्रियान्वित की गई और क्रियान्वित की जाने वाली योजनाओं का ब्यौरा क्या है ?

ग्रामीण क्षेत्र और रोजगार मंत्रालय (ग्रामीण विकास विभाग) में राज्य मंत्री (श्री उत्तम भाई पटेल) : (क) से (ग) वर्ष 1993-94 और 1994-95 के दौरान गुजरात में स्वयंसेवी एजेंसियों को कापार्ट द्वारा मंजूर की गई परियोजनाओं की संख्या, सहायता प्राप्त स्वयंसेवी एजेंसियों की संख्या, मंजूर की गई धनराशि और रिलीज की गई धनराशि का जिलेवार ब्यौरा दर्शाने वाला विवरण नीचे दिया गया

है । कापार्ट द्वारा निधियों का राज्यवार आवंटन नहीं किया जाता है ।

(घ) स्वयंसेवी एजेंसियां कापार्ट द्वारा वित्त पोषित परियोजनायें हैं जिनमें जवाहर रोजगार योजना, समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम, ग्रामीण महिला एवं शिशु विकास योजना, जन सहयोग, लाभार्थियों का संगठन, ग्रामीण प्रौद्योगिकी विकास, केन्द्रीय ग्रामीण स्वच्छता कार्यक्रम एवं त्वरित ग्रामीण जल आपूर्ति कार्यक्रमों के क्षेत्र शामिल हैं । इन योजनाओं को चालू वित्तीय वर्ष 1995–96 के दौरान भी सतत रूप से कार्यान्वित किया जाता रहेगा ।

विवरण

गुजरात में मंजूर की गई परियोजनाओं का जिलेवार ब्यौरा
(1994–965)

(लाख रूपये में)

जिला	परियोजनाओं की संख्या	एजेंसियों की संख्या	मंजूर की गई राशि	रिलीज की गई राशि
अहमदाबाद	13	8	59.39	24.52
भड़ौंच	2	1	19.79	10.90
पन्चमहल	1	1	15.00	0.00
जूनागढ़	0	0	0.00	0.00
जामनगर	0	0	0.00	0.00
बारडोली	0	0	0.00	0.00
बडोदरा	1	1	3.64	1.82
कच्छ	22	2	116.44	54.71
दहोद	0	0	0.00	0.00
भावनगर	1	1	1.92	0.00
मेहसाना	1	0	5.76	3.99
राजकोट	3	1	14.78	7.74
साबरकांठा	1	1	0.28	0.00
सूरत	1	1	1.61	0.81
डांग	0	0	0.00	0.00
पोरबन्दर	0	0	0.00	0.00
बनासकांठा	0	0	0.00	0.00
खेड़ा	0	0	0.00	0.00
गांधीनगर	0	0	0.00	0.00
वलसाड	4	2	20.67	7.48
कुल :	50	19	259.28	**111.95**

विवरण II

गुजरात में मंजूर की गई परियोजनाओं का जिलावार ब्यौरा (1993–94)

(लाख रु० के)

जिला	परियोजनाओं की संख्या	एजेंसियों की संख्या	मजूर की गई राशि	रिलीज की गई राशि
अहमदाबाद . . .	21	10	77.26	28.12
भडौंच . . .	4	1	23.55	10.95
पचमहल . . .	6	2	31.44	21.87
जूनागढ़ . .	1	1	6.62	3.06
बडौदरा . .	8	5	33.51	8.94
कच्छ . .	13	8	113.09	94.39
मेहसाना . . .	1	1	0.28	0.00
सूरत . . .	4	2	17.59	7.14
बलसाड . . .	2		13.48	3.84
कुल . .	60	32	316.22	178.30

गुजरात में सूखा प्रवण क्षेत्र कार्यक्रम के अंतर्गत शामिल की गयी भूमि

8279. श्री गोपालसिंह जी. सोलंकी: क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान प्रत्येक वर्ष में सूखा प्रवण क्षेत्र कार्यक्रम के अंतर्गत गुजरात में भरुच, बड़ौदरा, पचमहल, सूरत और अहमदाबाद जिलों की कुल कितनी भूमि को शामिल किया गया हैं;

(ख) आठवीं पंचवर्षीय योजना के अंतर्गत इस प्रयोजनार्थ क्या लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं; और

(ग) इस संबंध में अब तक क्या उपलब्धियां हुई हैं ?

ग्रामीण क्षेत्रों और रोजगार मंत्रालय (ग्रामीण विकास विभाग में राज्य मंत्री : श्री उत्तमभाई पटेल) : (क) विगत तीन वर्षों के दौरान सूखाग्रस्त क्षेत्र कार्यक्रम के अंतर्गत जिलावार शामिल की गई भूमि का कुल क्षेत्र अहमदाबाद में 2 खण्डों में 4429 वर्ग किलोमीटर तथा पंचमहल में 7 खण्डों में 6641 वर्ग किलोमीटर था। इस अवधि के दौरान सूखाग्रस्त क्षेत्र कार्यक्रम के अंतर्गत गुजरात के भड़ौच बड़ोदरा तथा सूरत जिलों को कवर नहीं किया गया ।

(ख) सूखाग्रस्त क्षेत्र कार्यक्रम के अंतर्गत भौतिक लक्ष्य राज्य सरकारों द्वारा वार्षिक आवंटन तथा मजदूरी और सामग्री लागत को ध्यान में रखते हुए वर्ष दर-वर्ष आधार पर निर्धारित किये जाते हैं । इसलिए समग्र आठवीं पंचवर्षीय योजना के लिए भौतिक लक्ष्य निर्धारित नहीं किये गये हैं ।

(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान अहमदाबाद और पंचमहल जिलों में सूखा-ग्रस्त क्षेत्र कार्यक्रम के अंतर्गत वित्तीय निष्पादन और भौतिक उपलब्धियां विवरण–I और II में दी गई हैं ।